# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक प्रकृति भारती का हुआ आयोजन

सरताज आलम

सिद्वार्थनगरध्लखनऊ। दिनांक 30 नवम्बर 2024 एवं 1 दिसम्बर 2024 को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक प्रकृति भारती, बिंदौओं, मोहनलालगंज, लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला स्तर के 55 जिलों से कुल 72 पदाधिकारी शामिल हुए। आपको बता दें कि संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उ0प्र0 द्वारा अभ्यास वर्ग के मुख्य उद्देश्य रू संगठन का विस्तार और प्राथमिक सदस्यता अभियान को मजबूत करना। श्रम कानूनों पर प्रशिक्षण और जागरूकता बढ़ाना। आगामी 6 माह की कार्ययोजना तैयार करना है। वहीं संगठन के प्रमुख गतिविधियां एवं निर्णय निम्न हैं। सम्पर्क अभियान की योजना में संगठन 15 जनवरी 2025 से सम्पर्क अभियान प्रारम्भ करेगा और 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 के बीच आगामी मांगों को लेकर प्रयास एवं कार्यक्रम तय करेगा। संगठन की मुख्य मांगें रू कर्मचारियों का नियमतीकरण, वेतन विसंगति का समाधान, स्थानान्तरण शुरू होना, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं (EPF, स्वास्थ्य बीमा, ग्रेच्युटी), सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कर्मियों का समायोजन आदि हैं। संगठन के प्रमुख वक्ता एवं अतिथि रू बैठक का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष डा0 अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। वहीं अभ्यास वर्ग में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहें जो निम्न हैं रू अनिल उपाध्याय (प्रदेश महामंत्री), राम निवास सिंह (प्रदेश संगठन मंत्री), विपिन बिहारी पाठक (प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के अलावा अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम महासंघ से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक (हरियाणा) ने राष्ट्रीय स्तर पर एनएचएम कर्मियों के लिए किये गयें प्रयासों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। दूसरे दिन प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने संगठन की आगामी 6 माह की कार्य योजना और पिछले कार्यों का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम प्रबन्धन में इस बैठक की सम्पूर्ण व्यवस्था लखनऊ जिला इकाई द्वारा की गयीं, जिसका नेतृत्व डॉ0 अभयानंद (जिला अध्यक्ष) ने किया। उनके साथ संजय वर्मा (जिला महामंत्री) और सदस्य श्रीमती साधना सिंह, दुर्गेश मिश्रा, संतोष पाण्डेय, कमलेश कश्यप व अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस दौरान पदाधिकारियों कोषाध्यक्ष आनन्द कौशल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, प्रदेश सचिव आशुतोष मिश्रा, प्रवीण यादव प्रदेश मंत्री, लवलेश, देवेश यादव, प्रवक्ता डॉ0 रोहित, संगठन मंत्री प्रदीप राजपूत, सदस्य संदीप तिवारी, शुभम मिश्रा, सुरेन्द्र पाल सहित अन्य संवर्गों के प्रमुख प्रतिनिधि भी शामिल हुए। वहीं

सीएचओ संवर्ग से प्रदेश अध्यक्ष हिमालय कुमार, महामंत्री जनक जी थे। वहीं नर्सिंग संवर्ग से प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पूजा, महामंत्री हरिओम सिंह थे। काउंसलर संवर्ग से प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिर्म राय है। इस दो दिवसीय अभ्यास वर्ग ने संगठन को मजबूत करने, कर्मचारियों के अधिकारों के लिए रणनीति तैयार करने और उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। संगठन ने अपने आगामी प्रयासों और मांगों को पूरा करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनायीं। उक्त जानकारी योगेश उपाध्याय प्रदेश महामंत्री संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश ने दी है।

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की बैठक

**लखनऊ (एसएनबी)।** नेशनल हेल्थ मिशन(एनएचएम) कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को जानने, दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ 15 जनवरी से एक माह तक संपर्क अभियान चलाने जा रहा है। यह निर्णय संघ के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक में लिया गया। बैठक में सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता व प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय की अगुवाई में एनएचएम के विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए मंथन किया।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक मोहनलालगंज के बिंदौआ स्थित प्रकृति भारती में हुई। दो दिवसीय बैठक में प्रदेश के 55 जिलों से प्रमुख 72 पदाधिकारी शामिल हुए। योगेश ने बताया कि संगठन के विस्तार और सदस्यों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मौजूद लोगों को कर्मचारियों के हितों वाले श्रम कानूनों को बताकर जागरूक किया गया। अभियान 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक चलेगा। इसमें एनएचएम कर्मचारियों को नियमित किए जाने, वेतन विसंगति दूर करने, स्थानांतरण, बीमा, ग्रेच्युटी, ईपीएफ आदि सुविधाओं को सही तरीके से लागू करने पर आंदोलन भी किया जा सकता है। अभ्यास वर्ग में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय, संगठन मंत्री राम निवास सिंह, मंत्री व प्रभारी एनएचएम विपिन बिहारी पाठक, अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम महासंघ से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक, एनएचएम संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अभयानंद, महामंत्री संजय वर्मा, साधना सिंह, दुर्गेश मिश्रा, संतोष पांडेय, कमलेश कश्यप, अर्चना सिंह, आशुतोष मिश्रा, डॉ. रोहित, सीएचओ प्रदेश अध्यक्ष हिमालय कुमार आदि मौजूद रहे।

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की दो दिवसीय बैठक हुई। बैठक में संगठन का विस्तार और प्राथमिक सदस्यता अभियान को मजबूत करने पर मंथन हुआ।

सभी पदाधिकारियों की सहमति से 6 माह की कार्ययोजना तैयार की गई।

मोहनलालगंज में बैठक में प्रदेश एवं जिला स्तर के 55 जिलों से कुल 72 पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि संगठन 15 जनवरी से संपर्क अभियान प्रारंभ करेगा और आगामी मांगों को लेकर प्रयास एवं कार्यक्रम तय करेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता, अनिल उपाध्याय प्रदेश महामंत्री, राम निवास सिंह प्रदेश संगठन मंत्री विपिन बिहारी पाठक व योगेश उपाध्याय प्रदेश महामंत्री मौजूद रहे।

# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की बैठक

**लखनऊ (एसएनबी)।** नेशनल हेल्थ मिशन(एनएचएम) कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को जानने, दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ 15 जनवरी से एक माह तक संपर्क अभियान चलाने जा रहा है। यह निर्णय संघ के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक में लिया गया। बैठक में सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता व प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय की अगुवाई में एनएचएम के विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए मंथन किया।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक मोहनलालगंज के बिंदौआ स्थित प्रकृति भारती में हुई। दो दिवसीय बैठक में प्रदेश के 55 जिलों से प्रमुख 72 पदाधिकारी शामिल हुए। योगेश ने बताया कि संगठन के विस्तार और सदस्यों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मौजूद लोगों को कर्मचारियों के हितों वाले श्रम कानूनों को बताकर जागरूक किया गया। अभियान 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक चलेगा। इसमें एनएचएम कर्मचारियों को नियमित किए जाने, वेतन विसंगति दूर करने, स्थानांतरण, बीमा, ग्रेच्युटी, ईपीएफ आदि सुविधाओं को सही तरीके से लागू करने पर आंदोलन भी किया जा सकता है। अभ्यास वर्ग में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय, संगठन मंत्री राम निवास सिंह, मंत्री व प्रभारी एनएचएम विपिन बिहारी पाठक, अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम महासंघ से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कौशिक, एनएचएम संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अभयानंद, महामंत्री संजय वर्मा, साधना सिंह, दुर्गेश मिश्रा, संतोष पांडेय, कमलेश कश्यप, अर्चना सिंह, आशुतोष मिश्रा, डॉ. रोहित, सीएचओ प्रदेश अध्यक्ष हिमालय कुमार आदि मौजूद रहे।

# एनएचएम कर्मचारियों को जोड़ने के लिए 15 जनवरी से चलेगा अभियान

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

अमृत विचार : एनएचएम कर्मचारियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को जानने, उन्हें दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. की ओर से 15 जनवरी से एक माह तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय संघ के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक में लिया गया।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग एवं बैठक मोहनलालगंज के बिंदौआ स्थित प्रकृति भारती में हुई। दो दिवसीय बैठक में प्रदेश के 55 जिलों से प्रमुख 72 पदाधिकारी शामिल हुए। अगुवाई कर रहे संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता व प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि संगठन के विस्तार और सदस्यों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मौजूद लोगों को कर्मचारियों के हितों वाले श्रम कानूनों को बताकर जागरूक किया गया। साथ ही तय हुआ कि संघ के सभी पदाधिकारी जिला स्तर से कर्मचारी संपर्क अभियान शुरू करेंगे। यह अभियान 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक चलेगा। इसमें एनएचएम कर्मचारियों को नियमित किए जाने, वेतन विसंगति दूर करने, स्थानांतरण, बीमा, ग्रेच्युटी, ईपीएफ आदि सुविधाओं को सही तरीके से लागू करने पर आंदोलन भी किया जा सकता है।




बैठक में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

**▶▶ संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र की दो दिवसीय बैठक संपन्न**